## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 09.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर शिकायतों का किया गया त्वरित निस्तारण

आज दिनांक 09.10.2025 को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद महोबा के प्रत्येक थाना क्षेत्र में जनचौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित जनचौपालों में महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गहनता से सुना गया।

इस दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रमों में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112 आदि) की जानकारी प्रदान की गई तथा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य एवं लाभ से अवगत कराया गया।

यह सभी गतिविधियाँ पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों के पर्यवेक्षण में संपन्न कराई गईं।

मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत ऐसे जनसंवाद एवं जनचौपाल कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में सतत प्रयास जारी हैं।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 09.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पारिवारिक विवाद का हुआ सौहार्दपूर्ण निस्तारण – मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला शक्ति केंद्र की सफल पहल

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद महोबा के थाना कुलपहाड़ स्थित महिला शक्ति केंद्र द्वारा एक पारिवारिक विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कराकर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की गई है।

थाना स्थानीय पर आवेदिका द्वारा अपने पति व ससुरालीजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद एवं ससुरालीजनों द्वारा मारपीट कर जेवर छीन लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया था।

प्राप्त प्रार्थना पत्र पर मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदिका के पति को थाना हाजा पर बुलवाया गया एवं थाना परिसर स्थित महिला शक्ति केंद्र में बैठाकर काउंसलिंग की गई। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी म.उ.नि. अंकिता कुमारी की सक्रिय भूमिका व समझाइश के उपरांत दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से सुलह हो गई।

वर्तमान में दोनों पक्षों के बीच कोई विवाद शेष नहीं है। साथ ही आवेदिका के मोबाइल नंबर पर मिशन शक्ति केंद्र द्वारा समय-समय पर फीडबैक लिया जाता रहेगा, ताकि भविष्य में भी सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखा जा सके।

यह घटना मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थानों में संचालित महिला शक्ति केंद्रों की प्रभावी भूमिका को दर्शाती है, जो न केवल महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए कार्य कर रहे हैं, बल्कि परिवारिक सामंजस्य एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 09.10.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण पर दिया गया प्रेरक सदेंश...।

आज दिनांक 09.10.2025 को स्वामी विवेकानन्द कॉलेज, महोबा में मेधावी छात्रों को पुरस्कार/टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, साथ ही उपजिलाधिकारी महोबा श्रीमती सल्तनत परवीन की गरिमामयी उपस्थिति में कुल 39 मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं टैबलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण पर छात्राओं, महिलाओं एवं उपस्थित जनसमूह को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112, 1076 आदि) के बारे में जानकारी दी और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।

अपने प्रेरक सम्बोधन में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि –

“हर बालिका में अपार शक्ति निहित होती है, बस आवश्यकता है उसे पहचानने और आगे बढ़ने की। समाज तभी प्रगति करेगा जब महिलाएं सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी।”

उन्होंने उपस्थित छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की वाहक बनें।







## जनपद महोबा में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 को सुचारु एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत ड्यूटी में लगाए गए पुलिस बल को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा किया गया ब्रीफ।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 का आयोजन जनपद महोबा में भी प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा के शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष आयोजन के उद्देश्य से आज दिनांक 09.10.2025 को पुलिस लाइन महोबा स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई।

इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा की शुचिता, सुरक्षा, गोपनीयता व निष्पक्षता बनाए रखने हेतु पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

- परीक्षा केंद्रों पर सतत सतर्कता व निगरानी बनाए रखने
- अभ्यर्थियों के प्रवेश व निकास के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखने
- केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अफवाह, नकल या अव्यवस्था पर त्वरित नियंत्रण
- महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा एवं सुविधा हेतु विशेष संवेदनशीलता
- किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को कदापि बर्दाश्त न करने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने ड्यूटी में नामित समस्त पुलिस बल को बताया कि परीक्षा जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः अपने दायित्वों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता व सजगता के साथ करें।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक– 09.10.2025
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला अपराधों में प्रभावी रोकथाम एवं ऐसे अपराधों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 08.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री सत्यपाल सिंह द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 मालती साहू, उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी व कां0 नरेन्द्र बाबू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना हाजा में पंजीकृत मु0अ0स0 107/2025 धारा 137(2)/87/64(1) BNS व धारा 3/4 पोक्सो एक्ट के अभियोग में वाँछित अभियुक्त विनीत पुत्र स्व0 विजय सिंह उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम भिरावटी थाना धनारी जनपद सम्भल को अकौनी मोड वहद ग्राम अकौनी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1. उ0नि0 मालती साहू थाना अजनर जनपद महोबा।
2. उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी थाना अजनर जनपद महोबा।
3. कां0 नरेन्द्र बाबू थाना अजनर जनपद महोबा।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

विनीत पुत्र स्व0 विजय सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम भिरावटी थाना धनारी जिला सम्भल

